उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार– 249404

संख्याः 14/80/05/डी0ई0(प्रधानाचार्य)(मा0शि0)/सेवा–1/2023–2024 दिनांक :: 15 अप्रैल, 2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या : **A-3/DE(Principal)(मा0शि0)/S-1/2024,** दिनांक 11 मार्च, 2024 के माध्यम से विज्ञापित **प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, रा0इ0का0/रा0बा0इ0का0 सीमित विभागीय परीक्षा– 2024** हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।

2. विज्ञप्ति सं0 02/80/05/डी0ई0(प्रधानाचार्य)(मा0शि0)/सेवा–1/2023–2024, दिनांक 02 अप्रैल, 2024 द्वारा विज्ञापन के **अतिमहत्वपूर्ण निर्देशों के बिन्दु संख्या 8** के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि **09.04.2024** तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों में संशोधन/परिवर्तन (Edit/Correction) किए जाने हेतु केवल एक बार के लिए आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर online edit window लिंक दिनांक **15.04.2024 से 24.04.2024 (रात्रि 11:59:59 बजे तक)** खोले जाने का उल्लेख किया गया था।

3. अवगत कराना है कि कतिपय रिट याचिकाओं में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा प्रदत्त अंतरिम आदेशों के क्रम में प्रश्नगत चयन के सापेक्ष विभिन्न अभ्यर्थियों को आवेदन किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है जिसके क्रम में उक्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन किये जाने की प्रक्रिया गतिमान है।

उक्त के दृष्टिगत ऑनलाइन आवेदन किए जाने की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित रुप से ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन/परिवर्तन **(Edit/Correction)** किए जाने का लिंक प्रदान किया जाएगा जिसकी सूचना ससमय पृथक से प्रदान की जाएगी।

-Sd-

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।